हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री



14 जगराता में माता रानी के जयकारों से झूम ...



14 स्कूल में धनी धर्मदास साहब का प्राकट्य दिवस मना



## खबर संक्षेप

### दुर्ग से हरिद्वार के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भाटापारा।** दुर्ग से हरिद्वार के लिए 9 और 16 नवंबर को 2 फेरो के लिए स्पेशल ट्रेन क्रमांक 08743 चलेगी। स्पेशल ट्रेन दुर्ग से दिन में सुबह 11 बजे चलेगी, भाटापारा दोपहर साढ़े 12 बजे, हरिद्वार अगले दिन दोपहर 3.40 बजे पहुंचेगी। वहीं 08744 हरिद्वार दुर्ग स्पेशल 10 और 17 नवंबर को रात 9 बजे छूटेगी और निजामुद्दीन, मथुरा आगरा, कटनी, बिलासपुर होते हुए आधी रात 12. 40 बजे भाटापारा पहुंचेगी।

### गरिमा व स्वर्णा का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**भटगांव।** नगर पंचायत में दशहरा उत्सव समिति के नेतृत्व में दशहरा, दीपावली एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर 9 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक गायिका गरिमा एवं स्वर्णा दिवाकर अंजोर स्टार नाईट का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया है। इसमें मुख्य अतिथि ओपी चौधरी वित्त मंत्री, अध्यक्षता सांसद कमलेश जांगड़े अति विशिष्ट जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, अति विशिष्ट अतिथि विक्रम कुर्रे नगर पंचायत अध्यक्ष, अति विशिष्ट अतिथि प्रदीप देवांगन, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्येंद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति व सदस्य सारंगढ़ बिलाईगढ़, जनपद सभापति व सदस्य बिलाईगढ़, समस्त चिकित्सा अधिकारी, समस्त पार्षद, समस्त जिला अधिकारी, ब्लॉक अधिकारी की उपस्थिति में होगा।

### सतनामी समाज की बैठक आज

**संडी-बंगला।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती 15 दिसंबर को विशाल शोभायात्रा एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सतनामी समाज की बैठक आज 9 नवम्बर को रखी गई है। बैठक सतनाम भवन संडी में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें समाज के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### अवैध रेत निकासी चार पनडुब्बियां जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निदेशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बड़गांव स्थित महानदी रेत घाट में की गई कार्रवाई के दौरान नियम विरुद्ध रेत निकासी में प्रयुक्त चार पनडुब्बियाँ (नौकाएँ) मौके पर जब्त की गईं। अवैध रेत उत्खनन में लिप्त खदान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

### नदी किनारे से बाइक चोरी



**महासमुंद।** दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे युवक की बाइक चोरी हो गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मसमला दर्ज किया है। ग्राम भुरका निवासी देवनारायण साहू ने थाने में शिकायत की है कि वह ग्राम लचकेरा में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएच से जा रहा था कि ग्राम लाफिनकला और लचकेरा के बीच नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण बाइक को नदी किनारे लॉक कर खड़ी कर पैदल चले गए। शाम करीब चार बजे लौटे तो बाइक गायब थी।

# राज्योत्सव के विधिक प्राधिकरण के जागरूकता स्टल में विधि की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सचिव अमिता जायसवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा 3 दिवसीय राज्योत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का विधिक जागरूकता स्टॉल लगाया गया। इसमें समस्त पैरालीगल वालेंटियर न्यायाधीशगण व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य एवं प्राधिकरण के समस्त कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर जनसामान्य को विधिक जागरूकता के संबंध में जानकारी दी। 3 दिवसीय कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा लोक अदालत, मध्यस्थता, निः शुल्क कानूनी सहायता, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, छग टोनही प्रताड़ना अधिनियम, माता पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मानसिक अयोग्यता से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजाती का उत्पीड़न रोकने संबंधी कानून, महिलाओं के कानूनी अधिकार, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथान निषेध और निवारण अधिनियम 2013, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम संबंधी पाम्पलेट्स जनसामान्य को वितरित किये गये। 3 दिवसीय कार्यक्रम में स्कूल कॉलेजों के बच्चे, महिलाओं ने बढ़कर हिस्सा लिया और स्टॉल में उपस्थित होकर ▶▶ शेष पेज 13 पर

## स्टॉल में पहुंचे आंगतुकों को दी गई कानूनी जानकारी



### अगली लोक अदालत 13 दिसम्बर को

3 दिवसीय कार्यक्रम में नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के संबंध में जनसामान्य को बताया गया और उनसे यह अपील की गई कि वह अपने प्री-लिटिगेशन प्रकरण जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुये है जैसे बैंक के प्रकरण, विद्युत बकाया, टेलीफोन बकाया, संपत्ति कर, जल कर, इत्यादी का भुगतान नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कर सकते है साथ ही न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, धन वसूली संबंधी वाद, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित प्रकरण, यातायात से संबंधित प्रकरण का निराकरण किया जा रहा है।

## आईडी में प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक की पूरी शैक्षणिक यात्रा का रिकॉर्ड डिजिटल रहेगा

# स्कूलों में छात्रों की बनेगी अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अपार आईडी एवं मध्यान्ह भोजन के लिए स्कूलों में रसोई गैस कनेक्शन की समीक्षा की। उन्होंने अगले 15 दिन का लक्ष्य निर्धारित कर अपार आईडी पंजीयन कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अपार आईडी छात्रों के लिए एक 12 अंकों की यूनिक डिजिटल आईडी है, जो उनकी स्कूल से उच्च शिक्षा तक की पूरी शैक्षणिक यात्रा का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से रखती है। इसमें छात्र की मार्कशीट, डिग्री, स्कॉलरशिप और अन्य उपलब्धियां दर्ज होती हैं। यह एक छात्र की पहचान को आधुनिक और पारदर्शी बनाने में मदद करती है। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक छात्र का अपार आई डी पंजीयन किया जाना हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत स्कूलों में मध्यान्ह भोजन निर्माण हेतु एलपीजी गैस के उपयोग हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में दर्ज संख्या 150 से ऊपर हैं, उन शालाओं में अनिवार्यतः एलपीजी गैस के उपयोग सुनिश्चित करें। यदि संचालनकर्ता समूह असमर्थता व्यक्त करते हैं तो दूसरे संचालन कर्ता कोनिस शर्त पर मौका दें कि उनके द्वारा एलपीजी गैस ही ईंधन के रुप में उपयोग किया जाएगा। पहले 150 से अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों को लक्ष्य करें, उसके बाद क्रमशः कम दर्ज संख्या का लक्ष्य पूरा करें। बैठक में डीईओ संजय गुहे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा सहित सभी बीईओ उपस्थित थे।



### नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

■ कलेक्टर ने कोचिंग क्लास का किया शुभारम्भ

**बलौदाबाजार।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोचिंग क्लास शुरू की है, जिसमें जिले के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को एमडीव्ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में कोचिंग क्लास का शुभारम्भ किया। कोचिंग क्लास का संचालन भारत माता सेवा ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन जिला के समन्वित कार्यक्रम पहल नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा द्वारा किया जा रहा हैं, जिसमें कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा के लिये निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। जिला खनिज न्यास संस्थान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के बलौदाबाजार व लवन में नवोदय कोचिंग क्लासेस के संचालन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें दोनों केन्द्र में अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के बीपीएल वर्ग के 40-40 बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है।बलौदाबाजार में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, प्राथमिक शाला इंदिरा कॉलोनी सहित आस -पास के स्कूल के विद्यार्थी कोचिंग के लिये आ रहे हैं। दूर के स्कूलों के बच्चों को आने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों को कोचिंग क्लास तक लाने हेतु पालकों को परिवहन व्यय 1000 रुपये प्रतिदिन भी दिया जाएगा। इसी प्रकार पीएम श्री विद्यालय लवन में भी कोचिंग क्लास संचालित हो रही है, जहां 40 बच्चों को कोचिंग दी जा रही है। उपस्थित बच्चों की एक जांच परीक्षा आयोजित कर एक केन्द्र में 40 बच्चों को कोचिंग दी जाएगी तथा सभी 40 बच्चों को निःशुल्क पुस्तक, कॉपी, पेन वह अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। एक सेन्टर में तीन शिक्षक व प्रबंधन की नियुक्ति की गई है, जिन्हें मानदेय 100 रूपये प्रतिदिन दिया जाएगा। कोचिंग क्लासेस का समय शाला समय के पश्चात 4.30 से 6.30 तक निर्धारित है, जिसमें बच्चे समय पर कोचिंग में उपस्थित हो सके तथा नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं के प्रवेश परीक्षा में उच्चतम अंक अर्जित कर सफल हो सके। इस दौरान टेसूलाल धुरंधर, डीईओ संजय गुहे, पार्षद मनोजकांत पूरेना, राजकुमार बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, बीईवो राजेंद्र टंडन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सोने-चांदी के आभूषण नकदी सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार नवंबर को वार्ड-6 में सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण सहित 45 हजार रूपए नगदी चोरी के आरोप में सायबर सेल तथा कोतवाली की संयुक्त टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 305 (ए), 331 (4) की बीएनएस दर्ज कर उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 नग का सिक्का चांदी, 1 नग काला पोत सोने का मंगल सूत्र, 2 नग चांदी की पायल व 45 हजार रूपए नकद कुल जुमला 3.45 लाख रूपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार नयापारा वार्ड 6 निवासी असलम खान पिता स्व. याकूब खान ने कोतवाली पुलिस को शिकायत किया कि चार नवंबर की रात 1 से 3 बजे मेरे घर का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर ने घर में रखे गहने व रूपए की चोरी कर ली। जिसमें 2 नग कंगन, 1 नग गले का हार, 2 नग पायल, 2 नग महेंदी छल्ला, 1 नग गले का काला पोत, 2 नग चांदी का सिक्का, 2 नग बिछिया पुरानी इस्तेमाली कीमती 3 लाख रूपए एवं नकदी रकम 1.50 लाख रूपए कुल 4.50 लाख रूपए को कोई अज्ञात चोर के द्वारा घर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस टीम ने घटना स्थल के पास लगे सीसी टीवी फुटेज देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीसी टीवी फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति देवार डेरा महासमुंद में घुम रहा है। पुलिस की टीम पर मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमे उन्होंने अपना नाम पता वार्ड 4 ईदगाह भाठा देवार पारा निवासी नागेश देवार (24), गोपाल देवार (20) और करण देवार (18 वर्ष 6 माह) होना बताया। जिन्होंने उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर प्रार्थी के घर से चोरी करना स्वीकार किया।

## दशगात्र से लौट रहे पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम बिनौरी निवासी विष्णु साहू 45 वर्ष एवं उनकी पत्नी लक्ष्मी साहू 40 वर्ष का शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। यह हादसा सुबह कोसरंगी, खरोरा में घटित हुआ, जब वे वापस रायपुर लौट रहे थे। मृतक दंपति रायपुर में रहकर मजदूरी का कार्य करते था। वह रायपुर से अपने ससुराल पक्ष के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आरंग ब्लॉक के नगर पंचायत समोदा के पास कुसमुन्द गया था और दूसरे दिन सुबह 7 बजे वापस रायपुर के लिए अपनी मोटर सायकिल से जा रहा था,



तभी वे दोनों सड़क हादसे का शिकार हो गये। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम के लिए गांव वालों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार उनके जीवनकाल में ऐसी अप्रत्याशित घटना पहली बार हुई है, जिसमें पति-पत्नी की मृत्यु एक साथ हुई है। मृतक दंपति के 21 वर्ष एवं 19 वर्ष के दो बेटे है।

## नशे के सौदागर को 15-15 साल की सजा, एक एक लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने एनडीपीएस के प्रकरण में 102 किलो गांजा के अवैध परिवहन के आरोप में आरोपी यशवंत कुमार वापचे निवासी गोहारा थाना बैहर जिला बालाघाट (मप्र) एवं भरत कुमार धीवर निवासी सिविल लाइन बिलासपुर (छग) दोषी पाते हुए 15 -15 वर्ष का सश्रम कारवास और 1-1 लाख के अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थ दंड न अदा किए जाने पर अतिरिक्त कारवास से दंडित किया गया। घटना 2 अक्टूबर 2019 की है। थाना सिंघोडा के तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक अशोक यादव अपने पुलिस स्टाफ के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग मुख्यमार्ग एनएच 53 रियाज ढाबा के सामने कर रहे थे, उसी दौरान सिल्वर रंग की हुण्डई एसेंट कर क्रमांक सीजी 04 एचए 7921 आई, जिसका जांच करने पर गाड़ी की डिक्की 102 पैकेट गांजा बरामद हुआ था। जिसकी विधिवत कार्यवाही करने के पश्चात आरोपियों को न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

निर्णय के तिथि तक आरोपियों की जमानत नहीं हो पाई थी। आरोपियों ने जेल में लगभग 6 वर्ष से भी ज्यादा समय व्यतित किया है। ड्रग के मामले सभी न्यायालयों के रुख अत्यंत कठोर है। क्योंकि, नशे की लत युवा पीढ़ी और परिवार को बर्बाद कर रही है। विवेचना अशोक यादव ने किया।

## सबरिया डेरा से 110 लीटर महुआ शराब जब्त, 1400 किलो लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्राम गश्त के दौरान मुखबिर से आबकारी विभाग वृत्त कोसीर को सूचना मिली की पंहदा साबरिया डेरा में नाले के पास भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है, और उसे गांव के बाहर नाले के पास एवं आसपास के क्षेत्रों में विक्रय किया जाता है।

सूचना की पुष्टि पर टीम बताए गए स्थान नाले के पास पहुंचीं, वहां मदिरा शराब बनाने भट्टी के साथ मदिरा पैक करने पॉलीथिन के पाउच, पॉलीथिन की छोटी-छोटी 200 झिल्लि प्रत्येक में भरी 200-



200 ग्राम, 2 सफेद रंग के जरीकेन में भरा 20-20 लीटर एवं 1 नीले रंग के जरीकेन में भरा 30 लीटर इस तरह कुल 110 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। वहीं 7 ड्रम में महुआ कुल 1400 किलो को नष्ट किया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क)(च)34(2) का, प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है, आरोपियों की पतासाजी की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### प्रथम दिन लगभग 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही

# कांग्रेस का तीन दिवसीय सर्वोदय शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शिवरीनारायण में कांग्रेस का तीन दिवसीय सर्वोदय शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर राष्ट्र निर्माण के अखिल भारतीय अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पार्टी के जनप्रतिनिधियों और चयनित कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा और जनसंपर्क कौशल से पुनः अवगत कराना है।

यह शिविर आंबेडकर भवन, मेला ग्राउंड, शिवरीनारायण में 8 से 10 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में एक आईसीसी के दो विशेषज्ञ प्रशिक्षक नीरज सोनी और हरपाल सिंह कांग्रेस पार्टी के विजन, संगठनात्मक ढांचे और जनजागरण की रणनीति पर प्रशिक्षण दे रहे हैं।



कार्यक्रम के प्रथम दिन लगभग 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण, समाज सुधार, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अशोक चतुर्वेदी, संदीप अग्रवाल, अनूप कुमार, सुलेखा वर्मा, नीरज सोनी, शिव शंकर सोनी, राजेंद्र गुप्ता, गिरधारी यादव, ओमप्रकाश साहू, नवल सिंह ठाकुर, विमल सारथी, उग्रेश्वर गोपाल केवट, अजय केवट एवं विजय टंडन सहित कांग्रेस के अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यह सर्वोदय शिविर छत्तीसगढ़ में दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। पहली बार इसका आयोजन भिलाई में हुआ था और अब शिवरीनारायण में इसे आयोजित किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में सर्वोदय भाव, राष्ट्रप्रेम और सामूहिक विकास की चेतना जागृत करना है। यह आयोजन कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## दशरमा स्कूल में बैगलैस डे पर हुआ चित्रकला का प्रदर्शन



**रिसदा।** पूर्व माध्यमिक शाला दशरमा में शनिवार को बैग लैस डे के तहत विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण, प्रदूषण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा की थीम पर चित्रकारी कर शिक्षकों द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शन में अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। इसका अवलोकन ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम सरपंच द्वारा प्रथम स्थान पर वामिनी पैकरा, द्वितीय स्थान पर त्रिविका घृतलहरे, तृतीय स्थान पर सीतेश लहरी एवं चतुर्थ स्थान पर किरण पैकरा को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की गई। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार में पेन दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, शाला विकास समिति अध्यक्ष राजकुमार सोनवानी, पंच शिवदयाल यदु जनभागीदारी सदस्य राजेश मरकाम, नरोतम पैकरा, शीतल घृतलहरे, लल्लू निषाद, राजकुमार पैकरा, शाला शिक्षक-शिक्षिका, स्कूल के समस्त छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# अब संविदा कर्मी को कभी भी नौकरी से नहीं निकाल सकते, 60 दिनों में देना होगा सुनवाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब संविदा पर सरकारी नौकरी करने वालों को केवल एक महीने का वेतन देकर कभी भी काम से नहीं निकाला जा सकेगा। इन कर्मियों को अगर सेवा से हटाना है, तो पहले वरिष्ठ अफसर के सामने अपील करने का अवसर देना होगा। पूरी सुनवाई के बाद ही आदेश जारी किया जा सकेगा।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा ने राज्य के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के लिए आदेश जारी कर दिया है।

## इसलिए जारी हुआ ये आदेश

राज्य सरकार ने यह कदम दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट के एक फैसले के मद्देनजर उठाया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पिछले महीने जारी एक आदेश में दिए गए निर्देश के परिपालन में जारी करना पड़ा है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विभागीय सेटअप में संविदा के रूप में स्वीकृत पदों पर कार्यरत संविदा कर्मी (यथा मनरेगा अंतर्गत संविदा कर्मी) को यदि किसी दशा में सेवा से पृथक किया जाता है, तो संबंधित सेवामुक्त संविदा कर्मी, संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के समक्ष 60 दिवस के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर संबंधित विभागाध्यक्ष युक्तियुक्त सुनवाई के बाद उचित आदेश पारित कर, प्रकरण निराकृत कर सकेंगे।

## राज्य सरकार ने जारी किया निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है ये आदेश




## 13 साल से लागू था ये नियम

राज्य में हाईकोर्ट का यह आदेश लागू होने से 13 साल पहले से यह नियम लागू था कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 11(5) में संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। वर्तमान में संविदा पर नियुक्त कर्मियों को सेवा से पृथक किये जाने पर किसी प्रकार का अपील अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान नियमों में नहीं किया गया है।

## छत्तीसगढ़ संविदा अफसर कर्मियों की उर्वरा भूमि

जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यह राज्य में सेवा निवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सबसे अधिक उर्वरा भूमि मानी जाती है। राज्य में प्रदेश स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों से लेकर सरकारी विभागों के लिपिकों व अन्य कर्मियों के लिए संविदा नियुक्ति पाने की सबसे बड़ी पनाहगाह है। यहां विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति वाले जमे हैं। दरअसल विभागों में नियमित रूप से सेवाकाल खत्म होने के बाद संबंधित अफसर कर्मियों को संविदा में सेवा पर रखे जाने की परंपरा बन गई है। यह इसलिए कि राज्य में रिक्त होने वाले पदों पर नियमित रूप से भर्ती नहीं की जा रही है, यह लंबे अरसे से हो रहा है। इसी प्रक्रिया का एक पक्ष ये भी है कि बड़े संविदा अधिकारियों को संविदा काल खत्म हो जाने के बाद भी फिर से काम पर रख लिया जाता है। इसका एक और पक्ष ये भी है संविदा पर रखे गए छोटे स्तर के कर्मियों को एक माह का वेतन देकर कभी भी नौकरी से बाहर कर दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा करना आसान नहीं होगा।

---

## खबर संक्षेप



### सर्वर ठप, आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। सर्वर के उचित रूप से कार्य नहीं करने के कारण छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। शुक्रवार को एनएसयूआई ने कुलसचिव से मुलाकात कर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने और वेबसाइट संबंधित समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान रजत ठाकुर, हर्ष शर्मा, अंश तिवारी, मोहित बंजारे, वेणु व अन्य उपस्थित रहे।

### रेल हादसे पर सरकार की उदासीनता चिंतनीय

**रायपुर।** रेल हादसे के बाद सरकार द्वारा उठाए गए कदम को आम आदमी पार्टी ने अपर्याप्त बताया है। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा, बिलासपुर की 6 विधानसभा सीटों में कई विधायक एवं नेतागण गायब रहे। घटना के दिन स्थानीय विधायक राहत एवं बचाव कार्यों में न तो अस्पताल पहुंचे और न सहयोग किया। भानुप्रकाश चंद्रा ने कहा, नेताओं का समय पर मदद के लिए उपस्थिति नहीं रहना जनता के साथ विश्वासघात के समान है। पार्टी ने सरकार से जवाबदेही तय करने और पीड़ितों को उचित सहायता पहुंचाने की मांग की है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**रायपुर।** केंद्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत नवीनीकरण व नवीन आवेदन के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में 30 अक्टूबर तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। अब छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से 15 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि में वृद्धि के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छात्रों से महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने कहा है।

### आरटीआई कार्यशाला 10 को

**रायपुर।** जनजातीय गौरव दिवस के लिए 10 नवंबर को आरटीआई (सूचना का अधिकार) से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य जनजातीय लोगों के कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देना होगा। यह कार्यशाला 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का हिस्सा है, जो कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 10 नवंबर को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैम्प में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज प्रा. लि., रायपुर द्वारा कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के 150 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास अथवा स्नातक उत्तीर्ण, आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वेतनमान 12 हजार 500 रुपए से 14 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार जी.के. ऑटो व्हीकल्स प्रा. लि., रायपुर में सेल्स कंसल्टेंट के 30 पदों हेतु भर्ती की जाएगी।

---

### राजधानी के इंडोर स्टेडियम में भाजपा का वंदेमातरम सामूहिक गान का आयोजन

# सीएम साय बोले-वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर बल दिया है कि हमें अपना इतिहास कभी नहीं भूलना चाहिए। वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के इस आयोजन के माध्यम से हम सब लोग आने वाली पीढ़ी को वंदेमातरम राष्ट्रगीत की महत्ता समझा पाएंगे, इसलिए यह आयोजन बहुत सार्थक सिद्ध हो रहा है। वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा है।

श्री साय ने शुक्रवार को इनडोर स्टेडियम में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित वंदेमातरम संस्मरणोत्सव कार्यक्रम में कहा, वंदेमातरम गायन से सबके हृदय में राष्ट्रभक्ति का भाव संचरित होता है। हमारे महापुरुषों ने वंदेमातरम का जयघोष करते हुए आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दे दी, फांसी के फन्दे को चूम लिया। तो यह शक्ति और भक्ति इस वंदेमातरम के गायन में है। श्री साय ने कहा, 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम की रचना की थी। यह मूलतः 1875 से पहले इस देश में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आदि शंकराचार्य के




आह्वान पर संन्यासियों द्वारा किए गए विद्रोह पर केंद्रित उपन्यास आनन्द मठ में वंदेमातरम गीत की रचना की। आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र, दोनों की शिक्षा दी, जिसका इस गीत में समावेश है। श्री साय ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज छत्तीसगढ़ के पांच संभाग मुख्यालयों समेत पूरे देश में 150 स्थानों पर वंदेमातरम का सामूहिक रूप से सस्वर गायन हुआ है। यह समारोह आगामी एक वर्ष तक चलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, देश जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदेमातरम की कल्पना कर इसकी रचना की। बंकिम जी ने तत्कालीन परिस्थितियों में वंदेमातरम की रचना करके देश के सभी लोगों, समाजों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस गीत से सबके मन में भारत माता के गौरव की दृष्टि से भाव जागृत हो, देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में हम सब अपनी भूमिका निभाएं, यह आह्वान चट्टोपाध्याय जी ने किया। कार्यक्रम के अंत में फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन और उनकी टीम ने वंदेमातरम गीत का सुमधुर सस्वर गायन किया। इसके बाद हाथ में तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज लेकर उपस्थित जनों ने देशभक्ति गीत का गायन किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, श्रीचंद सुंदरानी, सच्चिदानंद उपासने, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, अमित मैशेरी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, तुषार चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व ववंदेमातरम कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने आभार व्यक्त किया।

---

### प्रतिभाओं का चयन

# प्रदेश में भी कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज टैलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

श्री बैज ने कहा, इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं, उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आज से पंद्रह दिनों तक ऑनलाइन आवेदन कर कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है। प्रदेश कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, इस कार्यक्रम का लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया, जिसके माध्यम से आवेदन डाउनलोड कर कोई भी आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस कार्यक्रम में आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है। उसके बाद आए हुए आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थी दूसरे चरण में जाएंगे, जहां ऑनलाइन इंटरव्यू लिया जाएगा। दूसरे चरण से चयनित अभ्यर्थी, तीसरे चरण में जाएंगे, जहां पर उनका सीधा साक्षात्कार होगा तथा पेनल डिस्कशन होगा। उसके बाद जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी।

---

# सिंचाई परियोजनाओं का समय पर पूरा होना सबसे ज्यादा जरूरी : सीएम साय

**मुख्यमंत्री ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हों तथा निर्माण कार्यों की गति में तेजी लाई जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल संसाधन परियोजनाएं प्रदेश के सर्वांगीण विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सिंचाई परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदेश की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

# ब्राजीलियन मॉडल की फोटो लेकर सड़क पर उतरी यूथ कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के वोट चोरी अभियान के अंतर्गत यूथ कांग्रेस ने राजधानी में शुक्रवार को बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश चुनाव आयोग कार्यालय घेरने निकली यूथ कांग्रेस को पुलिस ने मोतीबाग के पास ही रोक लिया। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि छग में भी भाजपा और इलेक्शन कमीशन की मिलीभगत से वोट चोरी हो रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मोतीबाग से प्रदेश निर्वाचन आयोग कार्यालय की ओर मार्च निकले। कार्यकर्ताओं ने "भाजपा होश में आओ", "लोकतंत्र बचाओ", "वोट चोरी बंद करो" जैसे नारे लगाते हुए जब आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने मोतीबाग के सामने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। कई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर भी विरोध दर्ज करते रहे।

### ब्राजीलियन मॉडल को कहा- थैंक्यू दीदी

यूथ कांग्रेस ने इस दौरान कहा, राहुल गांधी ने कई चौंकाने वाले तथ्य और सबूत प्रस्तुत किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं। हरियाणा में एक ही मकान पर सैकड़ों मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए, जबकि एक ब्राजील की मॉडल, जो कभी भारत आई ही नहीं, के नाम से हरियाणा के अलग-अलग मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज हैं। ये तथ्य इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रही है। यूथ कांग्रेस ब्राजीलियन मॉडल के पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी और चुनाव में वोट डालने के लिए उक्त ब्राजीलियन मॉडल को धन्यवाद भी कहा। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव गुलजेब अहमद, आस मोहम्मद, विराज चंद्राकर, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# नगरीय निकायों में सभी सुविधाएं होंगी ऑनलाइन, यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एक राज्य-एक प्लेटफार्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : अरुण साव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में ई-गवर्नेंस परियोजना के तहत शहरी प्रशासन को अधिक दक्ष, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने का बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराएगा। यह पहल एक राज्य एक प्लेटफार्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय प्रशासन विभाग की इस नई पहल के बारे में कहा, ई-गवर्नेंस परियोजना सुशासन के नए युग की शुरुआत होगी। इससे नागरिकों को सभी शहरी सेवाएं घर बैठे, समय पर और पारदर्शी रूप से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा शासन को लोगों के और पास लाएगी और अब शासन जनता के द्वार पर की सोच धरातल पर दिखेगी।

### एक पोर्टल पर नगरीय निकायों की कई सुविधाएं

परियोजना के तहत एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा, जिसमें नागरिक सेवा पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, भवन अनुमति प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, शिकायत निवारण मॉड्यूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली तथा निर्णय सहायता डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सेवाएं शामिल होंगी। ये सभी मॉड्यूल क्लाउड आधारित डेटा सेंटर से संचालित होंगे, जिससे सभी नगरों का डेटा सुरक्षित, एकीकृत और रियल-टाइम में उपलब्ध रहेगा।

### सभी कर ऑनलाइन जमा होंगे

ई-गवर्नेंस प्रणाली से लोग अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से प्रत्येक सेवा का लाभ ले सकेंगे। संपत्ति कर, जल कर, व्यापार कर और ठोस अपशिष्ट शुल्क जैसी सभी देनदारियां ऑनलाइन जमा की जा सकेंगी। नागरिकों को बैंक, यूपीआई, वॉलेट या नेट-बैंकिंग जैसे माध्यमों से त्वरित भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे राज्य के राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, यह परियोजना आम लोगों को केंद्र में रखकर बनाई गई है और बेहतर प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया, ई-गवर्नेंस प्रणाली शुरू होने से पूरे राज्य के नगरीय निकायों का कामकाज एक जैसा और पारदर्शी होगा। फैसले अब तथ्यों और तकनीक के आधार पर लिए जाएंगे, जिससे लोगों को तेज और भरोसेमंद सेवाएं मिलेंगी। श्री साव ने कहा, यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के विजन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन सरकार की मुहर है।

---

### दो पुराने, पांच नए चिकित्सा महाविद्यालय में नए पदों को हरी झंडी

# नए-पुराने मेडिकल कालेजों के 360 सहित चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1009 पदों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को और सशक्त करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग में विभिन्न 1009 पदों को शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। इसमें दो पुराने और पांच नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के 360 पदों पर आने वाले दिनों में भर्ती की जाएगी।

इसके अलावा शासकीय नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेजों को भी मानव संसाधनों से लैस किया जाएगा। डीकेएस और बिलासपुर के सुपरस्पशेलिटी हास्पिटल में भी विभिन्न पद सृजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के संकल्प और योजनाबद्ध नीतियों से चिकित्सा शिक्षा का प्रदेश में विस्तार हो रहा है। मेडिकल कालेज के साथ नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेज और उसमें विद्यार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इन शिक्षण संस्थानों के कॉलेजों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके तहत चिकित्सा शिक्षा के 1009 विभिन्न पदों को स्वीकृति दी गई। इनमें चिकित्सा महाविद्यालय, नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेज के विभिन्न पद शामिल हैं। पुराने के साथ बजट में स्वीकृत नए शिक्षण संस्थाओं में भी नए पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए संचालित डीकेएस में 1 पद और बिलासपुर के सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में 55 स्वीकृत किए गए हैं। मेडिकल कालेज रायगढ़ में 39 और बिलासपुर चिकित्सा महाविद्यालय में 20 पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के रेडियोथैरपी विभाग के लिए 7 पद स्वीकृत किए गए हैं।



### इन पदों को भी हरी झंडी

- नए फिजियोथैरेपी कालेज- जगदलपुर, जशपुर, मनेंद्रगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ में कुल 216 पद
- नए मेडिकल कालेज- दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, जशपुर, जांजगीर और कबीरधाम में कुल 300 पद

---

# शालीमार 13 नवंबर से 9 दिन रहेगी रद्द, 18 को संतरागाछी स्टेशन से ही होगी समाप्त

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़कपुर रेल मण्डल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 13 से 23 नवंबर तक किया जा रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा, जिसमें एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 व 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वही 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 12, 13 एवं 19 नवम्बर, 2025 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 15 एवं 21 नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

18 नवम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस संतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी एवं यह गाड़ी संतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी तथा यह गाड़ी दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन संतरागाछी से ही एलटीटी के लिए रवाना होगी। 19 नवम्बर को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस संतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी। यह गाड़ी संतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी। 21 नवम्बर 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस ट्रेन संतरागाछी से ही पोरबंदर के लिए रवाना होगी।

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन से नाबालिग की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक नाबालिग ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पुरूर निवासी डागेश्वर सोरी पिता फागूराम उम्र 16 वर्ष को उसके माता-पिता के निधन हो जाने के बाद चाचा गोवर्धन सोरी ने अपने पास रखा था। चाचा पत्थर का सील बेचने का काम करता है। शुक्रवार को गोवर्धन अपने भतीजा डागेश्वर के साथ सील बेचने ग्राम बिरगुड़ी गया था। डागेश्वर गांव में फेरी लगाकर सील बेचकर अपने चाचा के पास पहुंच जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। उसके बाद वह उल्टी करने लगा। जहर सेवन करने का कारण पूछने पर युवक ने कुछ नहीं बताया। गंभीर हालत को देख उसे बिरगुड़ी से उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने पर रात्रि में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### शहर के ह्दय स्थल में शिक्षिका हुई लूट की शिकार

**धमतरी।** जिले में चाकूबाजी, चोरी, लूट की घटना आम बात हो गई है। अपराधियों में अब पुलिस और कानून का खौफ नहीं रहा। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक शिक्षिका शहर के ह्दय स्थल पर लूट का शिकार हो गई। हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेशर निवासी शिक्षिका किरण धमगाय ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम 7 बजे की है। वह मकई चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने डॉ. हीरा महावर के पास इलाज कराने के लिए जा रही थी। अठवानी गली के पास वह अपनी स्कूटी खड़ी कर डॉक्टर के क्लिनिक की ओर जा रही थी तभी मुख्य मार्ग पर दो युवक तेज मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके पर्स को लूटकर भाग गए। एकाएक हुई इस घटना से वह पूरी तरह से घबरा गई। जैसे-तैसे अपने आपको संभालकर परिजनों को मोबाइल पर इसकी जानकारी दी। परिजनों के साथ कोतवाली थाना जाकर लिखित शिकायत की है। शाम को हुई अकस्मात घटना से वह बाइक और बाइक सवारों को ठीक से देख भी नहीं पाई। किरण ने बताया कि उनके पर्स में 2500 नकद, एटीएम कार्ड तथा ड्राइविंग लायसेंस समेत अन्य कागजात है।

## पेज 11 के शेष

### जिला विधिक सेवा...

सभी कानूनी पर्चे लिये। स्टॉल में लगभग 12000 कानूनी पाम्पलेटूस वितरित किये गये।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की यह सफलता रही है कि स्कूल कालेज के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किये जाने हेतु प्राधिकरण से संपर्क किया जा रहा है।

### सबरिया डेरा से ...

जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन कुमार पाठक, आबकारी उपनिरीक्षक हाबिल खलखो, लोकनाथ साहू, रामेश्वर राठिया, फागुराम टंडन आबकारी मुख्य आरक्षक उमेश कुमार चौहान एवं अन्य कर्मियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## आयोजन : सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों में दिख रहा जोश और उत्साह

# भुरकोनी में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



समीपस्थ ग्राम भुरकोनी में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, जनपद पंचायत सभापति दिनेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनमोहन जैन, जनपद सदस्य जयंती सिदार, भुरकोनी सरपंच सरिता दीवान, खेड़ीगांव सरपंच सोपेंद्र दीवान, कोल्दा सरपंच अश्वनी कुमार, ताम्रध्वज साहू, संतोष तिवारी, पूर्वा अग्रवाल, निर्मला चक्रधारी, मीनाक्षी लाल, मनिका ठाकुर और ओमप्रकाश चक्रधारी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों ने शपथ लेकर निष्पक्षता, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, एकता और नेतृत्व का भाव जगाता है। खिलाड़ी जब निष्पक्षता और टीम भावना के साथ खेलते हैं, तो वे समाज में प्रेरणा के स्त्रोत बनते है। उन्होंने युवाओं से मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह युवा शक्ति, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक एकता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में यह आयोजन एक प्रभावी पहल है, जिससे स्वस्थ, ऊर्जावान और जागरूक भारत का निर्माण संभव होगा।

जनपद पंचायत सभापति दिनेश अग्रवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों की अपार प्रतिभाएँ है, जिन्हें इस मंच के माध्यम से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर डड़सेना ने किया। आयोजन में प्रभारी यशवंत ध्रुव, सहयोगी पूरंधर बंजारा, भुरकोनी सेक्टर के ग्राम अरंड, बढ़ईपाली, बुंदेली, कोल्दा, ठाकुरदिया खुर्द, बेल्डीह सहित संकुल के सभी प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएँ, पंचायत सचिव एवं छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग का अमला भी मुस्तैदी से तैनात रहा, जिससे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा सुनिश्चित की गई। पूरा आयोजन स्थल उत्साह, जोश और देशभक्ति के माहौल से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक और युवा खिलाड़ी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया। भुरकोनी में प्रारंभ हुए इस सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, दौड़, लंबी कूद सहित अन्य पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है।

# अनिल बने तहसील साहू संघ के संगठन सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तहसील साहू संघ धरसींवा का चुनाव ग्राम पंचायत सेमरिया में हुआ, जिसमें तहसील के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष फूलचंद साहू, महिला उपाध्यक्ष मंजू साहू, संगठन सचिव अनिल साहू, महिला संगठन सचिव खोम बाई साहू निर्वाचित हुए। अपने नियुक्ति पर अनिल साहू ने जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष देवनाथ साहू, न्याय प्रकोष्ठ डॉ. दुजराम साहू, धरसींवा तहसील अशोक साहू, चूड़ामणि साहू, सुरेश साहू, राजेश साहू, थलेश्वर साहू, कमल साहू, ईश्वर साहू, परिक्षेत्र ग्राम इकाई, समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए साहू समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए कंधे से कंधे मिलाकर हर संघर्ष में साथ देने की बात कही। अनिल साहू की नियुक्ति से धरसींवा अंचल के समाज के युवाओं में खुशी की लहर है।

# गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर में समाज बंधुओं द्वारा सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया। यह शोभायात्रा पंच प्यारो की अगुवाई में निकाली गई, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पवित्र सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं इस आयोजन के माध्यम से गुरुसिंह सभा ने गुरु नानक देव के उपदेशों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया, जिससे समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना का संदेश प्रसारित हुआ।

स्थानीय सिख समाज द्वारा गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व काफी उत्साह के साथ मनाया गया। 03 नवंबर से तीन दिनों तक अखंड पाठ प्रारंभके बाद 05 नवंबर को इसकी समाप्ति हुई। अरदास पश्चात 06 नवम्बर को अटूट लंगर का आयोजन किया गया। वहीं शाम को नगर में पंच प्यारों की अगुवाई में भाष्य नगर कीर्तन निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बना रहा। प्रकाश पर्व पर नगर के सभी मार्गों को सिक्या समाज के द्वारा स्वागत द्वार, झालर, बैनर लगाकर एवं पदमपुर रोड स्थित गुरुद्वारे को भी आकर्षक लाईटों से सजाया गया था।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत 15 दिनों से सिक्ख समाज की महिलाएं एवं पुरुष वर्ग शबद कीर्तन करते हुए नगर में प्रभात फेरी निकालते रहे। सुबह से ही माईक की मधुर ध्वनि में गुरुवाणी का मद्धिम स्वर लोगों के लिए कर्णप्रिय रहा। इस बीच 03 से 05 नवंबर तक गुरु नानक देव का अखंड पाठ किया गया। 05 की रात्रि में रैन सगाई का कार्यक्रम हुआ, और गुरु नानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके पश्चात 06 नवंबर को गुरुद्वारा में भजन-कीर्तन पाठ करवाया गया, जो देर रात तक चलता रहा। कीर्तन पाठ समाप्ति के पश्चात सभी समाज के लोगों व गणमान्य नागरिकों का सिख समाज द्वारा स्वागत किया गया। गुरुसिंग सभा के तत्वाधान में शाम को पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाली गई। इसमें करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) गुरुद्वारा की तरह की पालकी, जिसमें सिक्ख के धर्म के आदिगुरु गुरुग्रेंथ साहिब जी विराजित थे. आकर्षण का केंद्र रही।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरुसिंग सभा सरायपाली से दुर्ग मंदिर चौक, बाजारपारा, पुरानी मंडी रोड, ओड़ियापारा, गुरुनानक चौक से होते हुए गुरुद्वारा साहिब में समापन हुआ। पालकी को आकर्षक रूप से फूली व लाइट से सजाया गया था। इस दौरान सरायपाली के बच्चों द्वारा पहली बार विभिन्न स्थानों पर हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। नगर कीर्तन की बड़ी विशेषता यह रही कि समाज के सभी महिला पुरुष शुभ्रवेश में दिखे। परंपरा के अनुसार पंच प्यारों के सामने समाज की महिलाएं झाड़ू लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं। इस दौरान अनेक स्थानों पर विभिन्न समाज के लोगों के द्वारा पंच प्यारों का स्वागत किया गया। नगर कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, सभी समाज के पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## प्रेमशीला बघेल का किया गया सम्मान



**महासमुंद।** छग राज्य अलंकरण पुरस्कार वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी सम्मान से महासमुंद की बेटी नगर पालिका की महिला संगठक प्रेमशीला बघेल को महिला सशक्तिकरण के लिए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन द्वारा राज्योत्सव में सम्मानित करने पर नगर पालिका कार्यालय के उपाध्यक्ष कक्ष में प्रेमशीला का गुलदस्ता एवं साल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, नेता प्रतिपक्ष नानू भाई, पार्षदगण भारती राजू चन्द्राकर, सीता डोन्डेकर, पीयूष साहू, चन्द्रशेखर बेलदार आदि ने हर्ष जताते हुए कहा कि वे आगे उत्तरोत्तर प्रगति करे, ऐसे ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर क्षेत्र में मातृशक्ति को मजबूत बनाए।

## भविष्य निर्माण के लिए कैरियर गाइडेंस आज की है आवश्यकताः सौरिन

**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम लाफिनखुर्द के उत्साही युवा लोकेश्वर साहू, चंद्रहास साहू तथा लाफिनकला के शिक्षक महेन्द्र पटेल और शिक्षक गोवर्धन साहू के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर लाफिन खुर्द में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम लाफिन खुर्द के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त उप संचालक, चिंतक व कवयित्री महासमुंद निवासी सौरिन चंद्रसेन उपस्थित होकर बच्चों को कैरियर निर्माण के विभिन्न सोपानों को बताई। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व को निखारने के लिए कैरियर गाइडेंस आज की आवश्यकता है। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे पालकों के लिए भी आवश्यक बताया। साथ ही सफलता के लिए अल्प एवं दीर्घ कालिक लक्ष्य और योजना बनाकर कार्य करने प्रेरित किया। वहीं नया रायपुर मंत्रालय के सहायक अनुभाग अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के प्रवक्ता लोकेश्वर कुमार साहू ने कैरियर निर्माण के विभिन्न आयामों पर प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विस्तृत रूप से प्रकाश डाला तथा कैरियर निर्माण के लिए रूचिकर विषय लेकर अपने लक्ष्य प्राप्त करने प्रोत्साहित किया। नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने समय प्रबंधन, अनुशासन, दिनचर्या, पठन एवं लेखन शैली तथा मोबाइल की सदुपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों को लाफिन कला के समाजसेवी कमलेश साहू, शिक्षक गोवर्धन साहू, डिप्टी रेंजर चंद्रहास साहू, सेवानिवृत्त कर्मचारी लखन साहू, शिशु मंदिर के संचालक रेखराज साहू, प्रधानाचार्य विरेन्द्र ध्रुव ने भी संबोधित व प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षक गोवर्धन साहू ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## श्री रायपुर सीमेंट संयंत्र में रवि तिवारी की पुनः पदस्थापना पर ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत



**सुहेला।** श्री रायपुर सीमेंट संयंत्र खपराडीह में रवि तिवारी की पुनः पदस्थापना पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। खपराडीह, सुहेला, सेमराडीह, चंडी, रावन, रवेली, पड़कीडीह और भारूवाडीह सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने गाजे-बाजे, बाइक रैली और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी मिली कि रवि तिवारी की पुनः पदस्थापन श्री रायपुर सीमेंट संयंत्र खपराडीह में हुई है, लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई। संयंत्र के मुख्य द्वार तक पहुंचने पर गाजे-बाजे, पटाखे, गुलाल और मिठाई के साथ ग्रामीणों ने खुशी मनाई। रवि तिवारी ने कहा यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पुनः इसी भूमि पर कार्य करने का अवसर मिला है, जहां के लोगों से मेरा आत्मीय संबंध है। संयंत्र और आसपास के ग्राम मेरे अपने परिवार जैसे हैं। मेरा प्रयास रहेगा कि संयंत्र के विकास के साथ-साथ आसपास के गांवों की प्रगति में भी हम सब मिलकर योगदान दें। क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरा संकल्प है।

कार्यक्रम में संतोष नायक, सुरेंद्र ठाकुर, द्वारिका वर्मा पूर्व सरपंच, नरेंद्र कश्यप सरपंच भारूवाडीह, गजेन्द्र वर्मा सरपंच खपराडीह, जितेन्द्र वर्मा सरपंच प्रतिनिधि सेमराडीह, विनोद वर्मा पूर्व सरपंच खपराडीह, देवनाथ साहू, जसपाल रात्रे, चेतन वर्मा, नोहर वर्मा, श्यामलाल बाघमार, बाबूराम, केजराम ध्रुव, देवसिंह वर्मा, दुलार वर्मा, मनहरण यदु सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# 6 सौ 15 करोड़ की लागत से बनेगा सिरपुर बैराज कारीडोर के लिए करेंगे प्रयास : विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जय सुरंग कबड्डी दल सिरपुर द्वारा आयोजित कबड्डी स्पर्धा पुरूष वर्ग का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक सिन्हा व अन्य अतिथियों का आयोजकों ने पुष्पहार से अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन के लिए विधायक सिन्हा ने कहा कि कबड्डी खेल स्पर्धा एक स्वस्थ आयोजन है, इससे शरीर के सभी क्षेत्र का व्यायाम हो जाता है। यहां के खिलाड़ी क्षेत्र के साथ देश का नाम भी रोशन करेंगे। विधायक ने सिरपुर व आसपास के ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि 6 सौ 15 करोड़ की लागत से सिरपुर बैराज स्वीकृत हुआ है। इसके बनने से 6 गांव लाभानव्ति होंगे।

उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों की प्रमुख मांग सिरपुर बैराज की रही है। और मैने आश्वासन दिया था कि ग्रामीणों की मांग के लिए पहल करेंगे। उन्होंने बैराज स्वीकृत होने पर सीएम विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिरपुर बैराज के लिए रायपुर के सांसद व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने काफी प्रयास किया था। जिसका सुखद परिणाम अब सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी मांगे पूर्ण की जाएगी और वे विकास के लिए पूरा प्रयास करेंगे। और बैराज स्वीकृत हुआ है। इसके बाद यहां आवागमन बढ़ेगा उस हिसाब से सिरपुर को डेवलप किया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और गंधेश्वरनाथ महादेव की नगरी को ध्यान में रखते हुए शासन से वे कारीडोर बनाने की मांग भी करेंगे।

कार्यक्रम को सरपंच पुष्पामाली, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, सुखीराम हिरवानी आदि ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को अवगत करते हुए अनेक मांगे रखी। बाबूलाल ध्रुव ने संकुल के लिए कबड्डी नेट की मांग की। इसी तरह सुखीराम हिरवानी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने सिरपुर क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने की मांग की। बैराज स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने आभार जताया। इस मौके पर भाजपा नेता दुलरवा धीवर, उपसरपंच राजेश ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि निहाल सोनकर, पंच दिलीप जैन, गोपी ध्रुव, सिरपुर पटेवा मंडल अध्यक्ष डिकेश्वरी चंद्राकर, राधेश्याम ध्रुव, सुनील पटेल, उमेश साहू, लोकेश टावरी, नंदकुमार यादव, संदीप घोष आदि मौजूद थे। विधायक के पहुंचने पर कबड्डी स्पर्धा आयोजन समिति के दल्लू सिंह ध्रुव, शंकरलाल ध्रुव, बलराम निषाद, सुखेंद्र यादव ने स्वागत किया।

## कुरूद ब्लाक के हायर सेकण्डरी स्कूल बगदेही की घटना

# पढ़ाई के दौरान अचानक चिल्लाने लगी दो छात्राएं, करने लगी अजीब हरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



कक्षा में पढ़ाई करते समय दो छात्राएं अचानक चीखने-चिल्लाने लगी। साथ ही अजीबोगरीब हरकतें करने लगी। छात्राओं को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार आया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद ब्लाक के हायर सेकण्डरी स्कूल बगदेही में शुक्रवार के दौरान हैरान कर देने वाली घटना घटी है। रोजाना की तरह शुक्रवार को भी ग्राम भेण्डरवानी व बगदेही की कक्षा 9वीं व 10वीं की छात्राएं स्कूल गई थी। कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। इसी दौरान कक्षा 10वीं की एक छात्रा पढ़ते-पढ़ते अचानक टेबल में रखी अपनी पुस्तक व कापी को जमीन पर फेंक दिया। इसके बाद छात्रा ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। चीखने-चिल्लाने लगी। इस घटना के तुरंत बाद 9वीं की एक छात्रा भी इसी तरह की अजीबोगरीब हरकतें करते हुए चीखने लगी। दो छात्राओं की इस अजीबोगरीब हरकत से स्कूल में हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी होने पर स्कूल के प्राचार्य ने छात्राओं के परिजनों को स्कूल बुलाया। अर्जुनी लोकेशन की संजीवनी 108 को सूचित किया। एम्बुलेंस के पहुंचने पर स्कूल के शिक्षक व परिजन छात्राओं को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। छात्राओं को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। त्वरित चिकित्सा मिल जाने से कुछ देर बाद छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार आ गया। इस घटना के एक दिन पहले भी गुरूवार को कक्षा में 10वीं की छात्रा ने इसी तरह की अजीबोगरीब हरकत की थी। स्कूल में छात्राओं के साथ हो रही इस तरह की हैरान करने वाली घटना को देख अन्य छात्र-छात्राएं भी दहशत में हैं। वहीं पालक भी चितिंत हैं। स्कूल में हो रही इस तरह की घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया

बगदेही स्कूल के शिक्षक ने मीडिया को बताया कि 9वीं व 10वीं कक्षा की बालिकाओं की अचानक तबीयत खराब हो गई। मैडम पढ़ा रही थी। इसी दौरान छात्राएं चिल्लाने लगी। टेबल-कुर्सी को इधर-उधर कर दिया। यह देख बाकी बच्चे कक्षा से बाहर निकल गए। सूचना मिलते ही स्कूल के टीचर्स भी आ गए। उनके पालकों को बुलाया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर देवरी में मनाया गया एकता दिवस



**बोइरगांव (कोमाखान)।** देवरी के सरस्वती विद्या मंदिर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयन्ती उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित कर एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद सेवानिवृत्त शिक्षक भुलऊराम साहू द्वारा समस्त छात्रों एवं शिक्षकां को राष्ट्रीय एकता अखंडता व आंतरिक सुरक्षा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। भारत के लौह पुरुष का सारगर्भित परिचय दिया गया। उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। एकता दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बेदबाई ठाकुर प्रधानाचार्य, राजूराम श्रीवास आचार्य, तुकाराम श्रीवास आचार्य, कमला श्रीवास आचार्या, भूमि पटेल, कुलेश्वरी सिन्हा, हिरमोतिन भारद्वाज, सुमित्रा बरिहा, ईश्वरी साहू आचार्या आदि मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा**
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी) शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत शो समय - 6:00 PM
जटाधरा शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सीमेंट संयंत्र ने किसानों को नि:शुल्क वितरित किया उच्च श्रेणी के सरसो एवं तिवरा बीज

## 101 किसानों ने भाग लिया, मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर एवं शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रजत जयंती पर ग्राम चुचरुंगपुर में कृषक प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में 101 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जिसमें चयनित किसानों को उन्नत श्रेणी के सरसो एवं तिवरा बीज निःशुल्क प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से जी एम तारम, सूचिन वर्मा, पुष्पांजली बंजारे, खेमलता वर्मा, योगेश मंढरिया, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा कीट विज्ञान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सागर पाण्डेय , वरिष्ठ वैज्ञानिक मृदा विज्ञान डॉ. प्रदीप कश्यप तथा सहायक पशुचिकित्सा अधिकारी डीएस यादव ने शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कि तथा किसानों को अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें नई तकनीकें सीखने और कृषि उत्पादन बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी रंजय पाण्डेय एवं टीम से सुरेन्द्र यादव, द्वारिका वर्मा जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, टोपेश्वर मानिकपुरी, रमा वर्मा साहिल बंदे की भूमिका रही।






### आधुनिक खेती की दी जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को कृषि विभाग द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन की आधुनिक खेती पद्धतियों, मिट्टी परीक्षण और मौसम आधारित फसल प्रबंधन,पशुधन विभाग द्वारा पशु प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से दिनदहाड़े डेढ़ लाख के जेवर पार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के लहरौद में शुक्रवार दिन दहाड़े शिक्षक के सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवरों की चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार वार्ड 2 निवासी बालकुमार ठाकुर शिक्षक हैं। रोज की तरह सुबह 10 बजे स्कूल चले गए थे। पत्नी और बेटी भी स्कूल गई थीं। घर में कोई नहीं था। निजी काम को लेकर दोपहर 12 बजे शिक्षक दोबारा घर पहुंचे। जहां से वे बैंक चले गए। इसी बीच अज्ञात चोर पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे और कमरे के आलमारी से नकदी 5 हजार, एक सोने का हार, दो लॉकेट, टाप्स, चांदी की पायल समेत करीब डेढ़ लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। दोपहर 2 बजे जब शिक्षक बालकुमार ठाकुर घर लौटे तो दरवाजा का ताला और कमरे के अंदर आलमारी का लॉकर टूटा पाया। लॉकर से सोने का हार, टाप्स, चांदी की पायल और नकदी 5 हजार गायब थे।

### 12वीं के छात्र को बाँध में ले जाकर की पिटाई

महासमुंद। ग्रामीण आयोजन के दौरान हुई बहस का बदला लेते हुए 4 नाबालिगों ने 12 के छात्र और उसके साथी की पिटाई कर दी। नाबालिगों ने उसे पटेवा बुलाया फिर उसे बहला फुसलाकर जोगीडीपा बांध के अंदर ले गए और दोनों की पिटाई कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पटेवा पुलिस ने मामले में 4 नाबालिग युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। प्रार्थी छात्र ने अपनी शिकायत में बताया है कि 3 नवम्बर को उसे पटेवा निवासी एक युवक ने फोन कर पटेवा बुलाया। छात्र अपने दोस्त के साथ पटेवा बस स्टैण्ड पहुंचा। आरू साहू के कार्यक्रम के दौरान हम लोग के साथ बहस किए थे कहते हुए जातिसूचक गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट की एवं आरोपियों ने घटना को किसी को मत बताना नहीं तो जान से मार देगें कहकर धमकी भी दी।

### हरिकांत बने तहसील साहू समाज संघ के अध्यक्ष



**कसडोल।** तहसील साहू समाज संघ का चुनाव शनिवार को हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी हरिकांत साहू, लक्ष्मी साहू एवं कमल किशोर साहू के बीच मुकाबला हुआ। कुल 183 मतदाताओं में से 179 मत पड़े। मतगणना में हरिकांत साहू को सर्वाधिक 86 मत प्राप्त हुए, जबकि लक्ष्मी साहू को 70 तथा कमल किशोर साहू को 18 मत मिले। सर्वाधिक मत प्राप्त कर हरिकांत साहू ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर कामता प्रसाद साहू एवं निर्मला साहू का चयन किया गया। वहीं संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी युत्र कुमार साहू को सौंपी गई।

## शहनाज अख्तर ने दी भजनों की प्रस्तुति, देर रात तक खचाखच भरा रहा मैदान

# जगराता में माता रानी के जयकारों से झूम उठे श्रद्धालु







### 22 हजार श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा रहे, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। माता रानी के भजनों पर नगरवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से पहुंचे लगभग 20 से 22 हजार श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिविल लाइन तहसील दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा मैदान में विशाल जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चितावर जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस भक्तिमय कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने माता रानी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने आयोजन की भव्यता की सराहना करते हुए समिति अध्यक्ष चितावर जायसवाल एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आस्था और एकता को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा आजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, वरिष्ट भाजपा नेता विजय केसरवानी, टेसूलाल धुरंधर, राकेश तिवारी,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, संजय श्रीवास सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति सदस्य अमित जायसवाल, संकेत शुक्ला, आनंद वाकडे, डेनिश साहू, राकेश ध्रुव, अमितेश नेताम, दद्दू ठाकुर, पियूष भतपहरी, बबलू चौहान, दिलीप कन्नौज, जीतू भोंसले, लिकेस साहू, कृष्ण द्विवेदी, आंसू ताम्रकार, मोहन ठाकुर, केश कुमार जायसवाल, दीपक राय, लाखन जायसवाल, सुमित सोनी, मनोज वर्मा, बब्बूराव, दीपक नेगी, अन्नप्रधान, टिकेश साहू, दीपक वासनिक, गोलू ठाकुर, प्रहलाद तिवारी, गुलशन जायसवाल, रूद्र जायसवाल, चंदन ठाकुर, रुद्र ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम की शांति व्यवस्था में सिटी कोतवाली बलौदाबाजार थानेदार अजय झा सहित पुलिस प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वहीं श्रीराम सेवा मंडली द्वारा श्रद्धालुओं को चाय वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया।

समापन अवसर पर समिति अध्यक्ष चितावर जायसवाल ने सभी सहयोगियों, पुलिस प्रशासन, पत्रकारों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के प्रेम और आशीर्वाद से ही ऐसे सफल भक्ति आयोजनों का संचालन संभव हो पाता है।

## गांव-गांव में फल-फूल रहा अवैध शराब और नशे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान



जिले के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब, गांजा और नशे की गोलियों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। इसके चलते युवा वर्ग इन नशीली वस्तुओं के जाल में फंसते जा रहे हैं। गांव-गांव में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री से सामाजिक माहौल बिगड़ता जा रहा है और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार बलौदाबाजार थाना एवं प्रशासन से शिकायतें की, लेकिन कार्रवाई सिर्फ औपचारिक रूप से दो-तीन दिनों तक की गई। उसके बाद स्थिति जस की तस बनी है और पुनः अवैध शराब की बिक्री शुरू गई है।

- ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद प्रशासन मौन, युवाओं में बढ़ रही नशे की लत

ग्राम रवान अर्जुनी के सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती ने मीडिया से चर्चा में बताया कि गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत बलौदाबाजार थाना में दर्ज कराई जा चुकी है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि गांव के मोहल्लों में खुलेआम शराब बेची जा रही है, जिससे युवा वर्ग शाम ढलते ही सड़कों और खेतों में बैठकर नशा करता है। यह स्थिति समाज में विकृति और असुरक्षा बढ़ा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय पर पहले भी एसपी को ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु न तो आबकारी विभाग और न ही पुलिस प्रशासन ने स्थायी कार्रवाई की। नतीजा यह है कि अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है और इस धंधे में लिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांवों में अवैध शराब, गांजा और नशीली दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

## नगर में व्यवहार न्यायालय भवन का भूमि पूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

व्यवहार न्यायालय भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और राकेश मोहन पाण्डेय एवं पोर्ट फोलियों न्यायाधीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल में विधिवत भूमि पूजन का कार्य किया गया तथा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा कुदाली चलाकर नींव रखी गई। ज्ञातव्य हो कि व्यवहार न्यायालय का कार्य लंबे समय से अस्थायी रूप से सिंचाई विभाग के भवन में संचालित हो रहा हैं

भूमि पूजन के उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से सतीश कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, अंकिता गुप्ता, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी तथा अंकिता अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी भाटापारा उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ के सभी सदस्य उक्त कार्यकम में उपस्थित रहे, जिसमें प्रमुख रूप से अनिल मिश्रा अध्यक्ष, सुरेश यदु, सचिव, तरूण टंडन उपाध्यक्ष, नरेन्द्र साहू सहसचिव, सुरेश टंडन, ग्रंथपाल, दिलीप यदु कोषाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुकृत साहू, जीडी मानिकपुरी, जेके अग्रवाल, गोपाल शर्मा, मोहन केशरवानी, विजय केशरवानी, आनंद शर्मा, माधव साव, बृजेश मिश्रा, रूपेन्द्र साहू, न्याजी खान, एमडी घृतलहरे, कमलेश पाण्डेय आदि शामिल हैं।

## संयंत्र ने ग्रामीणों को दी कैंसर के कारण और लक्षण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर अल्ट्राटेक सीमेंट के सीएसआर विभाग ने कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राम हिरमी, कुथरौद और सकलोर की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के बढ़ते जोखिम, समय पर जांच की आवश्यकता तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को ग्रामीणों तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डॉ. अर्पण चतुरमोहता कैंसर सर्जन, डॉ. अविनाश तिवारी तथा डॉ. रुचिका सुखवाल ने पेट, गर्भाशय, स्तन, गर्भाशय द्वार और रक्त कैंसर के कारण, शुरुआती लक्षण, रोकथाम के उपाय और आधुनिक उपचार विधियों की जानकारी दी। उन्होंने गर्भाशय कैंसर की रोकथाम हेतु उपलब्ध टीके के बारे में भी बताया। विशेष रूप से महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय द्वार कैंसर की समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक डॉक्टरों से प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सहजता से समाधान किया। अल्ट्राटेक सीएसआर की ओर से वैभव त्रिपाठी प्रबंधक, सीएसआर ने ओपीडी सेंटर में चल रही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि अल्ट्राटेक का ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में योगदान सराहनीय है। यह पहल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत सकलोर के सरपंच प्रतिनिधि वेदप्रकाश वर्मा, ठाकुरराम साहू तथा ग्रामीण विकास विभाग के आशुतोष खरे सहायक सीएसआर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, तारणी राजपूत, सविता वर्मा और हेमलाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

## स्कूल में धनी धर्मदास साहब का प्राकट्य दिवस मना

**भाटापारा।** हथनीपारा स्थित कबीर ज्ञान मंदिर में केडीवी मिशन एवं आमीन माता महिला मंडल द्वारा धनी धर्मदास साहब का प्राकट्य दिवस एवं कार्तिक पूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सत्संग भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया एवं प्रसादी में खीर, पूरी का वितरण किया गया। प्राकट्य दिवस कार्यक्रम में भारी संख्या में कबीरपंथी सम्मिलित हुए, जिसमें खेमशरी मौसी, मोहित दास, साहब महंत, साधुराम, चिंताराम, अरुण, संजय, मुकेश, संतोष साहू, सुनीता साहू, केशव, रवि शंकर साहू, हीरामणि, रेवती साहू, पूजा साहू, आमीन माता एवं केडीवी मिशन परिवार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।




### बिना पूर्व सूचना को तोड़ दिए गए रंगमंच

महासमुंद। वार्ड नं. 2 ईमलीभाठा में स्थित रंगमंच को शनिवार को बिना कोई सूचना के तोड़ने की जानकारी होने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल, भाजपा नेता दिनेश बेहरा मौके पर पहुंचे। जहां देखा गया कि 7-8 साल पहले बने आस्था के प्रतीक रंगमंच को जमीन दोज कर दिया गया है। तत्काल जानकारी सीएमओ अशोक सलामे को दी गई और पूछा गया कि आपने रंगमंच को तोड़वाया है। उनका कहना था कि मुझे जानकारी ही नही है।

## राज्योत्सव में कठपुतली कला का स्टाल रहा आकर्षक का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में स्कूल शिक्षा विभाग का स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बना, जहां शिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण विधियों एवं टीएलएम का प्रदर्शन किया गया।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी कठपुतली कला को शिक्षण से जोड़ने की अनुशंसा की गई है, ताकि शिक्षण प्रक्रिया अधिक सहभागी, रोचक और जीवन से जुड़ी बन सके। कठपुतली कला के माध्यम से शिक्षक जटिल विषयों को बच्चों की समझ के अनुरूप सरल बना सकते हैं। उदाहरण के तौर पर गणित के पहाड़े, भाषा के शब्दार्थ, पर्यावरण की अवधारणाएं या नैतिक कहानिया सब कुछ पपेट शो के माध्यम से बच्चों तक सहज रूप में पहुंचाया जा सकता है। स्टॉल में शिक्षिका संध्या पैंकरा ने समझाया कि कठपुतली कला न केवल सीखने की रुचि बढ़ाती है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और रचनात्मकता का भी विकास करती है। जब बच्चा खुद कठपुतली चलाता है या कहानी प्रस्तुत करता है, तो वह विषय को केवल सुनता नहीं, बल्कि जीता और अनुभव करता है। यही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर ने भी इस स्टॉल का अवलोकन किया और शिक्षिका की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचारों को सभी विद्यालयों में अपनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चे सीखने को एक खेल और आनंद की तरह अनुभव करें।




### कबाड़ से बनाए पपेट्स पुतली

स्टॉल में प्राथमिक शाला दतान (प) की शिक्षिका संध्या पैंकरा द्वारा कबाड़ से बनाए गए पपेट्स पुतली तथा अन्य शिक्षिकाओं द्वारा घरेलू सामग्री से निर्मित शिक्षण सामग्री, मछली पकड़ने का खेल तथा भोटकुल खेल जैसी रचनात्मक वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षिका ने दिखाया कि कैसे सामान्य, बेकार माने जाने वाले वस्तुओं को थोड़ी कल्पनाशीलता से सीखने का साधन बनाया जा सकता है, विशेष आकर्षण का केंद्र रहे मोजों और बोतलों से बने पपेट्स, जिन्हें देखकर बच्चे उत्साहित हो उठे। वे पपेट्स के साथ संवाद करते, खेलते और सीखते नजर आए। इस गतिविधि ने दर्शाया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे मनोरंजन और रचनात्मकता के माध्यम से भी सशक्त बनाया जा सकता है।




